# BK BIRLA CENTRE FOR EDUCATION

**SARALA BIRLA GROUP OF SCHOOLS**
**SENIOR SECONDARY CO-ED DAY CUM BOYS' RESIDENTIAL SCHOOL**
**PRE BOARD-III EXAM 2024-25**
**HINDI (085)**

Class : X | Duration : 3 Hrs
Date : 17.01.2025 | Max. Marks : **80**
Admission No.: | Roll No.:

---

सामान्य निर्देश -

- इस प्रश्नपत्र में चार खंड हैं - क, ख, ग और घ
- खंड क में अपठित गदयांश से प्रश्न पूछे गए हैं, जिनके उत्तर दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए दीजिए।
- खंड ख में व्यावहारिक व्याकरण से प्रश्न पूछे गए हैं, आंतरिक विकल्प भी दिए गए हैं।
- खंड ग पाठ्यपुस्तक पर आधारित है, निर्देशानुसार उत्तर दीजिए।
- खंड घ रचनात्मक लेखन पर आधारित है आंतरिक विकल्प भी दिए गए हैं।
- प्रश्न पत्र में कुल 16 प्रश्न हैं, सभी प्रश्न अनिवार्य है।
- प्रश्न पत्र में कुल 6 पृष्ठ हैं। सर्वप्रथम जाँच कर लें।
- यथासंभव सभी खंडों के प्रश्नों के उत्तर क्रमशः लिखिए।

---

## खंड 'क'
### (अपठित बोध) 14 अंक

प्र० **1.** निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए: **(1X3, 2X2=7)**

पाठक आमतौर पर रूढ़िवादी होते हैं, वे सामान्यतः साहित्य में अपनी स्थापित मर्यादाओं की स्वीकृति या एक स्वप्न-जगत में पलायन चाहते हैं। साहित्य एक झटके में उन्हें अपने आस-पास के उस जीवन के प्रति सचेत करता है, जिससे उन्होंने आँखें मूँद रखी थीं। शुतुरमुर्ग अफ्रीका के रेगिस्तानों में नहीं मिलते; वे हर जगह बहुतायत में उपलब्ध हैं। प्रौद्योगिकी के दस दौर का नजीजा जीवन के हर गोशे में नकद फसल के लिए बढ़ता हुआ पागलपन है; और हमारे राजनीतिज्ञ, सत्ता के दलाल, व्यापारी, नौकरशाह-सभी लोगों को इस भगदड़ में नहीं पहुँचने, जैसा दूसरे करते हैं वैसा करने, चूहादौड़ में शामिल होने और कुछ-न-कुछ हासिल कर लेने को जिए जा रहे हैं। हम थककर साँस लेना और अपने चारों ओर निहारना, हवा के पेड़ में से गुजरते वक्त पत्तियों की मनहर लय-गतियों को और फूलों के जादुई रंगों को, फूली सरसों के चमकदार पीलेपन, खिले मैदानों की धनी हरीतिमा को मर्मर ध्वनि के सौंदर्य, हिमाच्छादित शिखरों की भव्यता, समुद्र तट पर पछाड़ खाकर बिखरती हुई लहरों के घोष को देखना-सुनना भूल गए है। कुछ लोग सोचते हैं कि पश्चिम का आधुनिकतावाद और भारत तथा अधिकांश तीसरी दुनिया के नव-औपनिवेशिक चिंतन के साथ अपनी जड़ों से अलगाव, व्यक्तिवादी अजनबियत में हमारा अनिवार्य ये-लगाम धँसाव, अचेतन के बिंब, बौद्धिकता से विद्रोह, यह घोषणा कि 'दिमाग अपनी रस्सी के अंतिम सिरे पर है', यथार्थवाद का विध्वंस, काम का ऐन्द्रिक सुख मात्र रह जाना और मानवीय भावनाओं का व्यावसायीकरण तथा निम्नस्तरीयकरण इस अंधी घाटी में आ फँसने की वजह है। लेकिन वे भूल जाते हैं कि आधुनिकीकरण इतिहास की एक सच्चाई है, कि नई समस्याओं को जन्म देने और विज्ञान को अधिक जटिल बनाने के बावजूद आधुनिकीकरण, एक तरह से, मानव जाति की नियति है। मेरा सुझाव है कि विवेकहीन आधुनिकता के बावजूद आधुनिकता की दिशा में धैर्यपूर्वक सुयोजित प्रयास होने चाहिए। एक आलोचक किसी नाली में भी झाँक सकता है, पर वह नाली-निरीक्षक नहीं होता। लेखक का कार्य दुनिया को बदलना नहीं, समझना है। साहित्य क्रांति नहीं करता; वह मनुष्यों का दिमाग बदलता है और उन्हें क्राति की आवश्यकता के प्रति जागरूक बनाता है।

(क) गद्यांश में 'शुतुरमुर्ग' की संज्ञा किसे दी गई है? 1

**(i)** लेखक, जो संसार को समझना चाहता है
**(ii)** राजनीतिज्ञ, जो अपने स्वार्थ साधना चाहता है
**(iii)** पाठक, जो सपनों की दुनिया में रहना चाहता है
**(iv)** नौकरशाह, जो दूसरों जैसा बनने को होड़ में शामिल है

**(**ख) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यान से पढ़िए तथा सर्वाधिक उचित विकल्प को चुनकर लिखिए:1

कथन (A): आधुनिकता की दिशा में सुनियोजित प्रयास होने चाहिए।

कारण (R): आधुनिक होने की प्रक्रिया सदा से मानव सभ्यता का अंग रही है।

**(i)** कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत है।

**(ii)** कथन (A) गलत है लेकिन कारण (R) सही है।

**(iii)** कथन (A) सही है लेकिन कारण (R) उसकी गलत व्याख्या करता है।

**(iv)** कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही है तथा कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या करता है।

**(**ग) लेखक के अनुसार साहित्य क्या कार्य करने के लिए प्रेरित करता है? निम्नलिखित कथनों को पढ़ें एवं सही विकल्प चुनें- 1

**(1)** लोगों को यथार्थ से अवगत कर बदलाव के लिए

**(2)** लोगों को जीवन की समस्याओं को भुला आगे बढ़ते जाने के लिए

**(3)** लोगों को यथार्थवाद का विध्वंस करने के लिए

**(4)** लोगों को भावनाओं व ऐन्द्रिक सुख से ऊपर उठ कार्य करने के लिए

विकल्प -

**(i)** केवल (1) सही है **(ii)** (1) तथा (4) सही है

**(iii)** (2) तथा (3) सही है **(iv)** (3) तथा (4) सही हैं

**(**घ) 'नकद फसल के लिए वढ़ता हुआ पागलपन' से क्या तात्पर्य है? 2

**(**ङ) पाठक साहित्य से आमतौर पर क्या अपेक्षा रखते हैं? 2

प्र० **2.** निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए: **(1X3, 2X2=7)**

व्यक्ति चित्त सब समय आदर्शों द्वारा चालित नहीं होता। जितने बड़े पैमाने पर मनुष्य की उन्नति के विधान बनाए गए, उतनी ही मात्रा में लोभ, मोह जैसे विकार भी विस्तृत होते गए, लक्ष्य की बात भूल गए, आदर्शों को मजाक का विषय बनाया गया और संयम को दकियानूसी मान लिया गया। परिणाम जो होना था, वह हो रहा है। यह कुछ थोड़े-से लोगों के बढ़ते हुए लोभ का नतीजा है, परंतु इससे भारतवर्ष के पुराने आदर्श और भी अधिक स्पष्ट रूप से महान और उपयोगी दिखाई देने लगे हैं। भारतवर्ष सदा कानून को धर्म के रूप में देखता आ रहा है। आज एकाएक कानून और धर्म में अंतर कर दिया गया है।धर्म को धोखा नहीं दिया जा सकता, कानून को दिया जा सकता है। यही कारण है कि जो धर्मभीरू हैं, वे भी त्रुटियों से लाभ उठाने में संकोच नहीं करते।॥रा इस बात के पर्याप्त प्रमाण खोजे जा सकते हैं कि समाज के ऊपरी वर्ग में चाहे जो भी होता रहा हो, भीतर-बाहर भारतवर्ष अब भी यह अनुभव कर रहा है कि धर्म कानून से बड़ी चीज है। अब भी सेवा, ईमानदारी, सच्चाई और आध्यात्मिकता के मूल्य बने हुए हैं। वे दब अवश्य गए है, लेकिन नष्ट नहीं हुए हैं। आज भी वह मनुष्य से प्रेम करता है, महिलाओं का सम्मान करता है, झूठ और चोरी को गलत समझता है, दूसरों को पीड़ा पहुँचाने को पाप समझता है।

**(**क) धर्म एवं कानून के संदर्भ में भारत के विषय में कौन-सा कथन सवसे अधिक सही हैं? निम्नलिखित कथनों को पढ़ें एवं सही विकल्प चुनें-

**(1)** महिलाओं का सम्मान धर्म तो है, पर कानून नहीं है

**(2)** धर्म और कानून दोनों को धोखा दिया जा सकता है

**(3)** भले लोगों के लिए कानून नहीं चाहिए और बुरे इसकी परवाह नहीं करते है

**(4)** भारत का निचला वर्ग कदाचित अभी भी कानून को धर्म के रूप में देखता है

विकल्प –

**(i)** (1) और (4) सही है **(ii)** (2) तथा (4) सही है

**(iii)** केवल (3) सही है **(iv)** (3) तथा (1) सही है

(ख) भारतवर्ष में सेवा और सच्चाई के मूल्य.. रेखांकित के लिए विकल्प छाँटिए:

(i) मनुष्य की समाज पर निर्भरता में कमी होने के कारण इनमें हास हुआ है

**(ii)** जीवन में उन्नति के बड़े पैमाने के कारण कहीं छिप से गये हैं

**(iii)** न्यायालयों में कानून की सत्याभासी धाराओं में उलझ कर रहे गये हैं

**(iv)** परमार्थ के लिए जीवन की बाजी लगाने वाले यह सिद्ध करते हैं कि यह व्यक्ति के मन को अभी भी नियंत्रित कर रहे हैं

(ग) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यान से पढ़िए तथा सर्वाधिक उचित विकल्प को चुनकर लिखिए:

कथन (A): भारतवर्ष अब भी यह अनुभव कर रहा है कि धर्म कानून से बड़ी चीज है।

कारण (R): धर्म जन-जन से जुड़ा एक आंदोलन है।

**(i)** कचन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत है।

**(ii)** कथन (A) गलत है लेकिन कारण (2) सही है।

**(iii)** कथन (A) सही है लेकिन कारण (R) उसकी गलत व्याख्या करता है।

**(iv)** कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या करता है।

(घ) मनुष्य ने आदर्शों को मजाक का विषय किस कारण वना लिया?

(ङ) भारतवर्ष का बड़ा वर्ग वाहर-भीतर कदाचित क्या अनुभव कर रहा है? स्पष्ट कीजिए।

## खंड - 'ख'

## (व्यावहारिक व्याकरण) 16 अंक

प्र० **3.** 'पदबंध' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए: **(4x1=4)**

(क) दिल्ली में स्थित लोटस टैम्पल अत्यंत सुंदर है। वाक्य से संज्ञा पदबंध चुनकर लिखें।

(ख) सदैव तत्पर रहने वाले तुम आज सुस्त क्यों हो? वाक्य से सर्वनाम पदबंध चुनकर लिखें।

(ग) फल बेचने वाला आदमी आज नहीं आया। वाक्य से विशेषण पदबंध चुनकर लिखें।

(घ) माता जी गीता पढ़ रही हैं। वाक्य के रेखांकित पदबंध का भेद लिखिए:

(ङ) मेरे बाद यहाँ कौन रहेगा? वाक्य से अव्यय पदबंध चुनकर लिखें।

प्र० **4.** 'रचना के आधार पर वाक्य रूपांतरण' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए: **(4×1=4)**

(क) खाने वाला सोएगा। वाक्य का मिश्र वाक्य में रूपांतरण कीजिए।

(ख) यदि इस बार तुम पढ़े तो अवश्य पास हो जाओगे। वाक्य किस भेद से संबंधित है।

(ग) शाम हुआ और पक्षी लौटने लगे। वाक्य किस भेद से संबंधित है।

(घ) बच्या दौड़ा और मेरे पास आया। वाक्य को सरल वाक्य में रूपांतरित कीजिए।

(ङ) नीरजा आकर चली गई। वाक्य को संयुक्त वाक्य में रूपांतरण कीजिए।

प्र० **5.** समास पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए: **(4×1=4)**

(क) 'महाजन' शब्द का समास विग्रह लिखिए।

(ख) 'परीक्षा भवन' शब्द समास के किस भेद से संबंधित है?

(ग) 'बुरा है जो चरित्र' समास विग्रह के लिए समस्त पद लिखिए।

(घ) 'साफ-साफ' किस समास भेद से संबंधित है?

(ङ) सब कुछ भाग्याधीन नहीं है। वाक्य का रेखांकित पद का समास भेद है:

प्र. **6.** 'मुहावरे' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए**:** **(4×1=4)**

(क) 'आपा खोना' मुहावरे का अर्थ है:

(ख) 'हैसियत से अधिक बात करना' अर्थ के लिए मुहावरा क्या है?

(ग) वजीर अली कर्नल --------------- की भाग गया। रिक्त स्थान के लिए उपयुक्त मुहावरा लिखिए।

(घ) 'हक्का-बक्का रह जाना' मुहावरे का वाक्य बनाकर अर्थ स्पष्ट कीजिए ।

(ङ) घर में गंगा बह रही है, फिर भी तुम दुखी हो। रेखांकित मुहावरे का अर्थ है:

## खंड - 'ग'

## (पाठ्यपुस्तक / पूरक पाठ्यपुस्तक) **28** अंक

प्र० **7.** निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर सर्वाधिक उचित विकल्प में से चुनकर लिखिए: **(5×1=5)**

दुनियाँ कैसे वजूद में आई? पहले क्या थी? किस बिंदु से इसकी यात्रा शुरू हुई? इन प्रश्नों के उत्तर विज्ञान अपनी तरह से देता है, धार्मिक ग्रंथ अपनी-अपनी तरह से। संसार की रचना भले ही कैसे हुई हो लेकिन धरती किसी एक की नहीं है। पंछी, मानव, पशु, नदी, पर्वत, समंदर आदि की इसमें बराबर की हिस्सेदारी है। यह और बात है कि इस हिस्सेदारी में मानव जाति ने अपनी बुद्धि से बड़ी-बड़ी दीवार खड़ी कर दी है। पहले पूरा संसार एक परिवार के समान था। अब टुकड़ों में बँटकर एक-दूसरे से दूर हो चुका है। पहले बड़े-बड़े दालानों ऑगनों में सब मिल-जुलकर रहते थे अब छोटे-छोटे डिब्बे जैसे घरों में जीवन सिमटने लगा है।

(क) लेखक के अनुसार धरती पर अधिकार है:

**(i)** मानव का | **(ii)** पहाड़ का
**(iii)** पशु-पक्षी का | **(iv)** उपरोक्त सभी का

(ख) मानव जाति ने किसके बल पर भिन्नता की दीवारें खड़ी की हैं?

**(i)** बुद्धि के बल पर | **(ii)** धन के बल पर
**(iii)** शक्ति के बल पर | **(iv)** उपरोक्त कोई नहीं

(ग) संसार पहले कैसा था?

**(i)** स्वप्न के समान | **(ii)** परिवार के समान
**(iii)** जंगल के समान | **(iv)** उपवन के समान

(घ) पहले लोग कहाँ रहते थे?

**(i)** बड़े-बड़े दालानों में | **(ii)** बड़े-बड़े आँगनों में
**(iii)** उपरोक्त दोनों | **(iv)** बड़े-बड़े महलों में

(ङ) निम्मलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यान से पढ़िए तथा सर्वाधिक उचित विकल्प को चुनकर लिखिए:

कथन (A): पहले पूरा परिवार एक संसार के समान था।

कारण (R): अब टुकड़ों में बैटकर एक-दूसरे से दूर हो चुका है।

**(i)** कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत है।

**(ii)** कथन (A) गलत है लेकिन कारण (R) सही है।

**(iii)** कथन (A) सही है लेकिन कारण (R) उसकी गलत व्याख्या करता है।

**(iv)** कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही है तथा कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या करता है।

प्र० **8.** गद्य खंड पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग **25-30** शब्दों में लिखिए: **(3x2=6)**

(क) 'मनुष्यता' कविता के आधार पर लिखिए कि उदार व्यक्ति के कौन-कौन से गुण उसे अलग पहचान देते हैं। अपने परिचितों में से किसी एक का उदाहरण देकर स्पष्ट कीजिए कि उसे उदार व्यक्ति कैसे कहा जा सकता है।

(ख) मीरा के पदों के आधार पर स्पष्ट कीजिए कि वह भक्त की विपत्ति दूर करने के लिए किन प्रसंगों की याद कृष्ण को दिलाती हैं और उन्हें पाने के लिए क्या-क्या कार्य करने को तात्पर्य है?

(ग) पर्वत प्रदेश का वर्षा ऋतु में प्राकृतिक सौंदर्य कई गुना बढ़ जाता है, परंतु पहाड़ों पर रहने वाले लोगों के दैनिक जीवन में क्या कठिनाइयाँ उत्पन्न होती होंगी? विचार कीजिए।

(घ) कविता की पृष्ठभूमि में 'तोप' की अतीत में भूमिका और उसकी वर्तमान स्थिति का वर्णन कीजिए। कवि को क्यों कहना पड़ा- "कितनी ही बड़ी हो तोप, एक दिन तो होना ही है उसका मुँह बंद।"

प्र० **9.** निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्पों का चयन कीजिए: **(5x1=5)**

मरते-मरते रहा बाँकपन साथियो
अव तुम्हारे हवाले वतन साथियो
जिंदा रहने के मौसम वहुत हैं मगर
जान देने की रुत रोज़ आती नहीं
हुस्न और इश्क दोनों को रुस्वा करे
वो जवानी जो खूँ में नहाती नहीं
आज धरती वनी है दुलहन साथियो
अब तुम्हारे हवाले वतन साथियो

(क) 'वाँकपन' से क्या अभिप्राय है?

**(i)** जवानी का जोश **(ii)** लड़ने-मरने का उत्साह
**(iii)** उपरोक्त दोनों **(iv)** युद्धवीर

(ख) क्या करने का मौका वार-बार नहीं आता?

**(i)** देश पर जान देने कर **(ii)** देश के लिए लड़ने का
**(iii)** देश सेवा का **(iv)** उपरोक्त सभी

(ग) वीर सैनिक सबसे अधिक किससे प्रेम करते हैं?

**(i)** मातृभूमि से **(ii)** परिवार से
**(iii)** जन्मभूमि से **(iv)** प्रधानमंत्री से

(घ) 'जान देने की रुत रोज आती नहीं' पंक्ति से क्या आशय है?

**(i)** देश के लिए न्यौछावर होने का मौका बार-बार नहीं मिलता
**(ii)** देश सेवा का मौका एक बार मिलता है
**(iii)** उपरोक्त दोनों
**(iv)** देश सेवा ही सब कुछ है

(ङ) निम्नलिखित वाक्यों को ध्यानपूर्वक पढ़िए:

**(1)** देश पर जान देने का वक्त रोज नहीं आता।
**(2)** हमें हर कीमत पर अपने देश की रक्षा करनी चाहिए।
**(3)** हमें प्रत्येक आडंबर का विरोध करना चाहिए।
**(4)** धरती पर मोहित होना चाहिए।

पद्यांश से मेल खाते वाक्यों के लिए उचित विकल्प चुनें-

**(i)** (1), तथा (3) **(ii)** (1), तथा (2)
**(iii)** (1), (2), (3) तथा (4) **(iv)** (3) और (4)

प्र० **10.** काव्य खंड पर आधारित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग **25-30** शब्दों में लिखिए: **(3x2=6)**

(क) वजीर अली अत्यंत दिलेर, बहादुर और साहसी व्यक्ति था। उसके बारे में कर्नल ने और क्या-क्या सुन रखा था?

(ख) अंडमान निकोबार से जुड़ी एक कथा आपके पाठ्यपुस्तक में संकलित है जो आज भी वहाँ घर-घर में सुनाई जाती है, क्यों?

(ग) जब व्यावहारिकता का बखान होने लगता है तब 'प्रैक्टिकल आइडियालिस्टों' के जीवन से आदर्श धीरे-धीरे पीछे हटने लगते हैं और उनकी व्यावहारिक सूझ-बूझ ही आगे आने लगती है। आशय स्पष्ट कीजिए।

(घ) लेखक ने ग्वालियर से मुंबई तक प्रकृति और मनुष्य के संबंधों में किन बदलावों को महसूस किया? 'अब कहाँ दूसरों के दुःख से दुःखी होने वाले' पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

प्र० **11.** पूरक पुस्तक 'संचयन' पर आधारित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग **40-50** शब्दों में दीजिए**: (2×3=6)**

(क) बचपन की यादें मन को गुदगुदाने वाली होती है। विशेषकर स्कूली दिनों की। अपने अब तक के स्कूली जीवन की खट्टी-मीठी यादों को लिखिए।

(ख) 'हरिहर काका' पाठ से यह बात भी उभरती है कि आज समाज में बुजुर्गों के प्रति आदर-सम्मान कम होता जा रहा है। इस दिशा में आप क्या-क्या करना चाहेंगे?

(ग) बालमन किसी स्वार्थ या हिसाब से चलायमान नहीं होता। यह सिर्फ प्रेम के रिश्ते को कबूल करता है। पूरे वर में इफ्फन को अपनी दादी से ही विशेष स्नेह था, वर्णन कीजिए।

## खंड - 'घ'

## (लेखन कौशल ) 22 अंक

प्र० **12.** निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर दिए गए संकेत-बिंदुओं के आधार पर लगभग **120** शब्दों में एक अनुच्छेद लिखिएः **(1x5=5)**

(क) जनसंख्या नियंत्रण

संकेत बिन्दु -
- जनसंख्या वृद्धि की समस्या
- नियंत्रण की आवश्यकता क्यों
- नियंत्रण कैसे?

(ख) गाँवों की बदलती तस्वीर

संकेत बिन्दु -
- रहन-सहन का स्तर
- शिक्षा और आधुनिकता
- भविष्य की संभावनाएँ

(ग) हिंदी हमारी पहचान

संकेत बिन्दु -
- मातृभाषा के रूप में
- संपर्क भाषा के रूप में
- हिन्दी का भविष्य

प्र० **13.** निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग **100** शब्दों में पत्र लिखिए**: (1x5=5)**

आप अभयजी दुबे/अमीना दुबे हैं 'ATM कार्ड' खो जाने पर बैंक प्रबंधक को एक पत्र लिखकर सूचना देते हुए उपयुक्त कार्रवाई के लिए निवेदन कीजिए।

अथवा

आपके विद्यालय में कैटीन की व्यवस्था करवाने के लिए प्रधानाचार्य को धन्यवाद-पत्र लिखिए।

प्र० **14.** निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग **60** शब्दों में सूचना लिखिएः **(1×4=4)**

विद्यालय में आयोजित होने वाली वाद-विवाद प्रतियोगिता के लिए हिंदी विभाग के संयोजक की ओर से लगभग 80 शब्दों में सूचना तैयार कीजिए।

अथवा

आप अपने विद्यालय में विद्यार्थी परिषद् के सचिव हैं। विद्यालय में होने वाली चित्रकला प्रतियोगिता के लिए सूचना तैयार कीजिए।

प्र० **15.** निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग **40** शब्दों में विज्ञापन लिखिएः **(1x3=3)**

आपने कपड़ों के छोटे-छोटे बैग तैयार किए हैं उसकी बिक्री के लिए एक विज्ञापन तैयार कीजिए।

अथवा

आप अपनी पुरानी पुस्तकों को बेंचना चाहते हैं। अपनी कॉलोनी में प्रचार के लिए एक विज्ञापन तैयार कीजिए।

प्र० **16.** 'भारत और मैं' विषय पर लगभग **100** शब्दों में एक लघु कथा लिखिए। **(5x1=5)**

अथवा

पुस्तक विक्रेता से पुस्तकें मँगवाने हेतु पुस्तक विक्रेता के ई-मेल पते पर उसे एक ई-मेल लगभग 80 शब्दों में लिखें।

------------------------------------------------ समाप्तम् ------------------------------------------------